**दिनांकः 25.10.2025**

**-प्रेस नोट-**

# <u>थाना देवबन्द पुलिस द्वारा बाद पुलिस मुठभेड़ गौकशी के मुकदमें में वांछित 01 गौकश घायलावस्था गिरफ्तार, कब्जे से 01 तमंचा .315 बोर ,02 खोखा/ 02 जिंदा कारतूस .315 बोर, घटना में प्रयुक्त छोटा हाथी व गौकशी के उपकरण बरामद</u>

***अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम हेतु गोकशी, चोरी, लूट, डकैती, नकबजनी, छिनैती आदि आपराधिक घटनाओं की रोकथाम व इन घटनाओं में लिप्त अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार सघन गस्त/चैकिंग की जा रही है ।*** *इसी क्रम में दिनांक 24.10.2025 की समय करीब 18.54 बजे को थाना देवबन्द पुलिस टीम गोपाली चौकी के पास बरला की तरफ, बरला-देवबन्द रोड़ पर रजवाहे की पुलिया पर संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चैकिंग कर रहे थे तभी बरला की तरफ से एक छोटा हाथी (वाहन) आता दिखाई दिया जिसको टार्च की रोशनी से रूकने का ईशारा किया छोटा हाथी में सवार बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी और छोटे हाथी को लेकर रजवाहे की पटरी थीथकी जंगल की तरफ भागने लगे, इस पर पुलिस टीम द्वारा बदमाशो का पीछा किया गया तो करीब 200 मीटर आगे जाकर बायी तरफ बने ट्यूबवेल की तरफ मोड़ दिया और ट्यूबवेल के पास छोटे हाथी से बाहर निकले दो बदमाशों ने दुबारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग करने लगे । पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगने से घायल बदमाश को गिरफ्तार किया गया । घायल बदमाश के साथी अंधेरे व जंगल का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया । फरार बदमाश तलाश हेतु लगातार काम्बिंग की जा रही है। गिरफ्तार/घायल बदमाश की पहचान* ***इंतखाब उर्फ काला पुत्र हामिद निवासी ग्राम बरला छपार थाना छपार जनपद मुजफ्फरनगर*** *के रूप में हुई । घायल बदमाश को प्राथमिक उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है । घायल/अभियुक्त के* ***कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर, 02 खोखा/ 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर व 01 छोटा हाथी (UP 12 T 8895) तथा गोकशी के उपकरण*** *बरामद । घायल बदमाश थाना देवबन्द पर पंजीकृत मु0अ0सं0 500/2025 धारा 3/5/8 गोवध अधिनियम व धारा 109(1)/3(5) बीएनएस में वांछित चल रहा था । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार थाना देवबन्द पर मु0अ0सं0 910/2025 धारा 109 (1) बीएनएस व धारा 3/25/27आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया । अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।*

***<u>पूछताछ का विवरण-</u>*** *पूछताछ करने पर गिरफ्तार अभियुक्त उपरोक्त ने बताया कि मैं अपने साथी के साथ मिलकर जंगलो में घूम रहे अवारा पशुओं को पकड़कर जंगल में एंकात स्थान में ले जाकर गोकशी करते हैं।*

***गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-***

*इंतखाब उर्फ काला पुत्र हामिद निवासी ग्राम बरला छपार थाना छपार जनपद मुजफ्फरनगर*

***गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-***

*1-मु0अ0स0 500/25 धारा 109(1) बीएनएस व 3/5/8 गौवध अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम व 3/25/27 आयुध अधिनियम थाना देवबन्द*

*2-मु0अ0स0 910/2025 धारा 109(1) बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना देवबन्द*

***बरामदगी का विवरण-***

- *01 तमंचा 315 बोर*
- *02 खोखा/02 जिन्दा कारतूस 315*
- *01 छोटा हाथी यू पी 12 टी 8895 घटना में प्रयुक्त*
- *गौकशी करने के उपकरण एक लकड़ी का गुटका गोल, दो रस्सी सफेद व गुलावी रंग की, 01 दाव ,03 छुरी व काले रंग की कुछ पोलोथिन की थेली*

***गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-***

1. *प्रभारी निरीक्षक श्री नरेन्द्र कुमार शर्मा थाना देवबन्द सहारनपुर*
2. *उ0नि0 अजब सिंह थाना देवबन्द सहारनपुर*
3. *उ0नि0 सुन्दर सिंह थाना देवबन्द सहारनपुर*
4. *है0का0 1216 ब्रहमप्रकाश थाना देवबन्द सहारनपुर*
5. *है0का0 561 शमीम अहमद थाना देवबन्द सहारनपुर*
6. *है0 का0 770 शिवकुमार त्यागी थाना देवबन्द सहारनपुर*
7. *का0 16 पवन थाना देवबन्द सहारनपुर*
8. *का0 2107 रवि राठी थाना देवबन्द सहारनपुर*

-प्रेस नोट-

दिनांकः 25.10.2025

# थाना मिर्जापुर पुलिस द्वारा बाद पुलिस मुठभेड़ गौकशी के मुकदमें में वांछित 02 गौकश घायलावस्था मे गिरफ्तार, कब्जे से 02 तमंचे .315 बोर ,02 खोखा/ 04 जिंदा कारतूस .315 बोर, घटना में प्रयुक्त 01 पिकअप गाड़ी व गौकशी करने के उपकरण बरामद

*अवगत कराना है कि* ***वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम हेतु गोकशी, चोरी, लूट, डकैती, नकबजनी, छिनैती आदि आपराधिक घटनाओं की रोकथाम व इन घटनाओं में लिप्त अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार सघन गस्त/चैकिंग*** *की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 24/25.10.2025 की रात्रि को थाना मिर्जापुर पुलिस टीम बादशादीबाग चौकी क्षेत्र में ग्राम शेरपुर पेलो की पुलिया पर संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चैकिंग कर रहे थे, तभी ग्राम कासमपुर की तरफ से एक पिकअप गाडी में सवार कुछ व्यक्ति आते दिखायी दिये, संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस टीम द्वारा टार्च की रोशनी दिखाकर पिकअप गाड़ी चालक को रूकने का ईशारा किया गया। पिकअप गाड़ी में सवार संदिग्धों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर रजवाहे की पटरी से जंगल की तरफ भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा बदमाशो का पीछा किया गया तो कुछ दुरी पर जाकर पिक अप गाड़ी सड़क किनारे पेड़ से टकरा गयी।पुलिस टीम को अपने नजदीक आता देख बदमाश पिकअप गाड़ी से उतरकर पुन पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर खेतो की तरफ भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी फायरिंग में दो बदमाशों को गोली लगने से घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया ।एक अन्य बदमाश अंधेरे व जंगल का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। फरार बदमाश तलाश हेतु लगातार कॉम्बिंग जा रही है। गिरफ्तार/घायल दोनो बदमाश की पहचान* ***1.नौमान पुत्र वरीश निवासी ग्राम महमूद मजरा रायपुर थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर व 2.साजिद उर्फ वाडा उर्फ कुरकुरा पुत्र शमशाद निवासी ग्राम नानूवाला थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर*** *के रूप में हुई। घायल बदमाशों को प्राथमिक उपचार हेतु सीएचसी बेहट में भर्ती कराया गया है ।गिरफ्तार/घायल दोनो बदमाश थाना मिर्जापुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 229/2025 धारा 3/5/8 गोवध अधिनियम व मु0अ0सं0-234/2025 धारा3/5/8 गोवध अधिनियम में वांछित चल रहे थे। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार गिरफ्तार/घायल गौकशों के विरुद्ध थाना मिर्जापुर पर मु0अ0सं0-236 /2025 धारा—109(1) बीएनएस व 3/25/27आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है। अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।*

***पूछताछ का विवरण-*** *पूछताछ करने पर गिरफ्तार अभियुक्तगण ने बताया कि आज हम लोग जंगल मे घुमकर आवारा पुशओ पकड कर एकान्त स्थान पर ले जाकर गोकशी करते है क्योकि जंगल व पहाडी*

*क्षेत्र होने के कारण हम लोगो को गौकशी करने मे डर नही रहता है और अपने काम को अन्जाम देते है आज भी हम लोगो गौकशी करने के लिए जंगल मे जा रहे थे।*

***गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता-***

1. *नौमान पुत्र वरीश निवासी ग्राम महमूद मजरा रायपुर थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर*
2. *साजिद उर्फ वाडा उर्फ कुरकुरा पुत्र शमशाद निवासी ग्राम नानूवाला थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर*

***गिरफ्तार अभियुक्त नौमान का आपराधिक इतिहास-***

1. *मु0अ0स0 43/2018 धारा 120बी /380/411/506 भादवि थाना मिर्जापुर सहारनपुर*
2. *मु0अ0स0 44/2018 धारा 3/5ए/8 सीएसएक्ट थाना मिर्जापुर सहारनपुर*
3. *मु0अ0स0 218/2018 धारा 2/3 गैगएस्टर एक्ट थाना मिर्जापुर सहारनपुर*
4. *मु0अ0स0 111/2024 धारा 115/118(1)/332 सी बीएनएस थाना मिर्जापुर सहारनपुर*

***गिरफ्तार अभियुक्त साजिद का आपराधिक इतिहास-***

1. *मु0अ0स0 -143/24 धारा 3/5/8 सीएसएक्ट चलानी थाना मिर्जापुर सहारनपुर*

***बरामदगी का विवरण-***

- *02 तमंचे .315 बोर*
- *02 खोखा/04 जिन्दा कारतूस .315 बोर*
- *01 पिकअप गाड़ी घटना में प्रयुक्त*
- *गौकशी करने के उपकरण*

***गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-***

1. *प्रभारी निरीक्षक श्री सुनील नागर थाना मिर्जापुर सहारनपुर*
2. *उ0नि0 दिनेश कुमार थाना मिर्जापुर सहारनपुर*
3. *उ0नि0 सचिन त्यागी थाना मिर्जापुर सहारनपुर*
4. *उ0नि0 ललित तोमर थाना मिर्जापुर सहारनपुर*
5. *हे0का0 1315 राहुल कुमार थाना मिर्जापुर सहारनपुर*
6. *हे0का0 1318 दीपक शर्मा थाना मिर्जापुर सहारनपुर*
7. *का0 1666 पकज कुमार थाना मिर्जापुर सहारनपुर*

दिनांक: 25.10.2025

-प्रेस नोट-

# सहारनपुर पुलिस द्वारा गौकशी करने वाले शातिर अपराधियों पर नकेल कसने हेतु की गयी कठोर कार्यवाही में कुल 65 गौकश अपराधी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार, 55 गौकशों पर गैंगस्टर एक्ट, 22 गौकशों की हिस्ट्रीशीट खोली गयी तथा 46 गौकशों पर गुण्डा एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी

*अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण, गौकशी की घटनाओं पर रोकथाम व इन घटनाओं में संलिप्त शातिर अपराधियों के विरुद्ध सहारनपुर पुलिस द्वारा लगातार कठोर एंव प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में जनपद सहारनपुर पुलिस द्वारा वर्ष 2025 में माह अक्टूबर तक गौकशी मुक्त अभियान के तहत गौकशी करने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करते हुए कुल 65 गौकश अपराधी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार, 55 गौकशों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही की गयी है। 46 गौकशों के विरुद्ध गुण्डा एक्ट की कार्यवही की गयी है तथा 22 शातिर गौकशों की हिस्ट्रीशीट खोली गयी है।*

*उत्तर प्रदेश में गोकशी (गाय, बैल या उनके वध से संबंधित अपराध) एक* **गंभीर एवं दंडनीय अपराध** *है।*

*यह अपराध* **उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम, 1955** *(U.P. Prevention of Cow Slaughter Act, 1955) के अंतर्गत दंडनीय है, जिसके अंतर्गत—*

- *गोवध करने या उसके प्रयास करने पर* **सात वर्ष तक का कारावास एवं जुर्माने** *का प्रावधान है।*

*सहारनपुर पुलिस द्वारा गौकशी के अभियुक्तों के विरुद्ध की जा रही यह कार्यवाही न केवल अपराधियों के लिए कड़े संदेश का कार्य कर रही है, बल्कि आमजन में सुरक्षा और कानून के प्रति विश्वास भी सुदृढ़ कर रही है।*

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर** *ने जनपद के सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया है कि गोकशी जैसे जघन्य अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें एवं जनपद को अपराध-मुक्त बनाए रखने हेतु निरंतर प्रयासरत रहें।*

*सहारनपुर पुलिस द्वारा गौकशी में लिप्त अपराधियों के विरूद्ध थानावार की गयी निरोधात्मक कार्यवाही का विवरण निम्नवत् है –*

| क्रम सं0 | थाना | गैंगस्टर अधिनियम | | गुण्डा | एच0एस0 |
|---|---|---|---|---|---|
| | | मुकदमा | अपराधी | | |
| 1. | मण्डी | - | - | 03 | 06 |
| 2. | कुतुबशेर | 01 | 06 | 06 | 01 |
| 3. | को0देहात | 02 | 16 | 01 | - |
| 4. | गागलहेड़ी | 01 | 04 | - | - |
| 5. | चिलकाना | - | - | 03 | 01 |
| 6. | रामपुर मनि0 | - | - | 05 | - |
| 7. | देवबन्द | - | - | 07 | 02 |
| 8. | नागल | 01 | 06 | 05 | 01 |
| 9. | बड़गांव | 01 | 04 | - | - |
| 10. | नकुड़ | 01 | 04 | - | - |
| 11. | सरसावा | - | - | - | 01 |
| 12. | बेहट | 01 | 11 | - | 01 |
| 13. | मिर्जापुर | - | - | 06 | 05 |
| 14. | गंगोह | - | - | 01 | 02 |
| 15. | नानौता | - | - | 02 | - |
| 16. | फतेहपुर | 01 | 04 | 07 | 02 |
| सम्पूर्ण योग | | 09 | 55 | 46 | 22 |

**दिनांक: 25.10.2025**

-प्रेस नोट-

# *सहारनपुर पुलिस की सख़्त कार्यवाही — शातिर अपराधियों पर कसी नकेल*

***वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर*** *के कुशल निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक नगर/देहात तथा क्षेत्राधिकारियों के निकट पर्यवेक्षण में जनपद सहारनपुर पुलिस द्वारा* ***अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही*** *की जा रही है।*

*पुलिस प्रशासन द्वारा अपराध की रोकथाम एवं शातिर, सक्रिय अपराधियों पर नियंत्रण हेतु निरोधात्मक अभियानों को गति दी गई है।*

***माह अक्टूबर 2025 में जनपदीय पुलिस की प्रमुख निरोधात्मक कार्यवाही :***

☐ ***गुण्डा एक्ट के अन्तर्गत कुल 10 अभियोग*** *पंजीकृत किए गए हैं, जिनमें विभिन्न थाना क्षेत्रों से सक्रिय अपराधियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही की गई।*

☐ ***कुल 16 हिस्ट्रीशीट्स खोली गईं***, *जिनमें निम्न प्रकार के अपराधियों को चिह्नित किया गया है—*

- *वाहन चोरी से सम्बन्धित अपराधी – 04*
- *गौकशी से सम्बन्धित अपराधी – 01*
- *एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित – 02*
- *लूट की घटनाओं में संलिप्त – 03*
- *नकबजनी करने वाले – 02*
- *आबकारी अधिनियम से सम्बन्धित – 02*
- *जुआ अधिनियम के तहत – 02*

☐ ***गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत कुल 02 अभियोग पंजीकृत*** *किए गए, जिनमें* ***वाहन चोरी के अपराधों में लिप्त 05 अभियुक्तों*** *के विरुद्ध कठोर कार्यवाई की गई है।*

***जनपद पुलिस का संकल्प :***

*वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा निर्देशित किया गया है कि—*

- *जनपद में अपराधियों की गतिविधियों पर* ***सतत निगरानी*** *रखी जाए।*
- *सक्रिय/शातिर अपराधियों के विरुद्ध* ***निरोधात्मक व कठोर दंडात्मक कार्रवाई*** *सुनिश्चित की जाए।*
- *आमजन की सुरक्षा, कानून व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने के लिए* ***नियमित गश्त, निगरानी एवं खुफिया तंत्र को सुदृढ़*** *किया जाए।*

***पुलिस का संदेश :***

*सहारनपुर पुलिस आम जनता से अपील करती है कि समाज विरोधी तत्वों की सूचना तत्काल नजदीकी थाने या पुलिस हेल्पलाइन पर दें। आपकी सूचना* ***गोपनीय रखी जाएगी ।***

*सहारनपुर पुलिस का उद्देश्य है —* ***"अपराध मुक्त सहारनपुर, सुरक्षित नागरिक — हमारा संकल्प।"***

-प्रेस नोट-

दिनांक- 25.10.2025

_*छठ पूजा के दृष्टिगत जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा निरीक्षण*_

*➡️आज दिनांक 25.10.2025 को जिलाधिकारी सहारनपुर एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर द्वारा थाना कुतुबशेर क्षेत्रान्तर्गत मानकमऊ घाट का निरीक्षण किया गया*।

*➡️निरीक्षण के दौरान घाट पर की जा रही व्यवस्थाओं — जैसे सुरक्षा व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, यातायात नियंत्रण एवं महिलाओं की सुरक्षा — का जायजा लिया गया।*

*➡️घाट का निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को छठ पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।*

दिनांक: 25.10.2025

-प्रेस नोट-

*_🚨👮‍♂️ जनपद सहारनपुर पुलिस का सघन नाकाबंदी अभियान — अपराध पर प्रभावी अंकुश हेतु सीमाएं सील कर की गई सघन चेकिंग 🚔_*

*_➡️ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में वर्तमान परिस्थितियों एवं संभावित आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम के दृष्टिगत एक सुदृढ़ नाकाबंदी एवं चेकिंग कार्ययोजना लागू की गई। इस कार्ययोजना का उद्देश्य अपराध नियंत्रण, अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी, कानून-व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना है।_*

*_➡️आज दिनांक 25.10.2025 को समय 14:00 बजे से 15:00 बजे तक जनपद भर में इस अभियान के अंतर्गत —नगर क्षेत्र, ग्रामीण क्षेत्र तथा अन्तर्जनपदीय/अन्तर्राज्यीय सीमाओं पर बैरियर लगाकर सघन चेकिंग की गई।_*

_📌 अभियान की प्रमुख विशेषताएँ :_*

जनपद की सभी सीमाओं को अस्थायी रूप से सील कर रणनीतिक नाकाबंदी की गई।

संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों एवं वस्तुओं की गहन तलाशी एवं सत्यापन किया गया।

सीसीटीवी, ड्रोन व इंटेलिजेंस इनपुट के माध्यम से संवेदनशील स्थानों पर निगरानी रखी गई।

थाना स्तर से लेकर जनपद स्तर तक पुलिस समन्वय एवं गश्त व्यवस्था को और प्रभावी बनाया गया।

अभियान का उद्देश्य अपराधियों में भय एवं जनता में विश्वास उत्पन्न करना रहा।

-प्रेस नोट-

दिनांक: 25.10.2025

## *!!□ सहारनपुर पुलिस का "NO HELMET – NO FUEL" अभियान !!□ *

## *□ सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु सहारनपुर पुलिस की विशेष पहल*

*➡□जनपद सहारनपुर में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने तथा आमजन को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक यातायात के निकट पर्यवेक्षण में "नो हेलमेट – नो फ्यूल" अभियान चलाया गया।*

*➡□आज दिनांक 25.10.2025 को सुबह 16:00 बजे से सांय 17:00 बजे तक जनपद के सभी पेट्रोल पम्पों पर पुलिस टीमों द्वारा व्यापक चेकिंग की गई। दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने की अनिवार्यता के बारे में जागरूक किया गया और बिना हेलमेट आने वालों को ईंधन नहीं दिया गया।*

*□सहारनपुर पुलिस की आमजन से अपील*
□ दोपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनें।
□ कार चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें।
□ धीमी गति एवं अपनी लेन में चलें।
□ किसी भी आपात स्थिति/दुर्घटना में 108 या 112 पर संपर्क करें।

*□क्या न करें*
□ नशीले पदार्थ/शराब का सेवन कर वाहन न चलाएं।
□ वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करें।
□ तेज गति से वाहन न चलाएं।

*□उद्देश्य*
यह अभियान सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को कम करने, ट्रैफिक नियमों के पालन की प्रवृत्ति विकसित करने एवं सड़क पर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चलाया जा रहा है।

*□ सहारनपुर पुलिस का संदेश —*
"सुरक्षित रहें, नियमों का पालन करें — जीवन अनमोल है।"

-प्रेस नोट-

दिनांक- 25.10.2025

# सहारनपुर पुलिस की बड़ी कार्यवाही — थाना चिलकाना पुलिस टीम द्वारा अवैध खनन में 08 अभियुक्त गिरफ्तार, 05 वाहन सीज

*वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के कुशल निर्देशन में तथा **पुलिस अधीक्षक नगर** एवं **क्षेत्राधिकारी सदर** के निकट पर्यवेक्षण में अपराध नियंत्रण एवं अवैध खनन पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से थाना चिलकाना पुलिस द्वारा कड़ी चेकिंग अभियान चलाया गया।*

*इस दौरान **थाना प्रभारी श्री विनोद कुमार** के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने **राजस्व विभाग की संयुक्त टीम** के साथ संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए अवैध खनन सामग्री से भरे हुए 05 ट्रकों को पकड़ा एवं 08 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।*

**☐ कार्रवाई का विवरण :**

*दिनांक **25.10.2025** को थाना चिलकाना पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में अवैध खनन की सूचना पर चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान निम्न **05 ट्रक अवैध खनन सामग्री सहित पकड़े गए** —*

1☐ ***HR-58E-6709 (18 टायरा)*** *— 10 एमएम रोडी से लदा हुआ, ओवरलोड एवं बिना वैध प्रपत्र।*

2☐ ***बिना नंबर प्लेट (18 टायरा)*** *— 06 एमएम रोडी से भरा हुआ, ओवरलोड एवं बिना वैध प्रपत्र।*

3☐ ***UP-15GT-5556 (22 टायरा)*** *— 40 एमएम रोडी से भरा हुआ, ओवरलोड।*

4☐ ***UP-15GT-7778 (18 टायरा)*** *— 40 एमएम रोडी से भरा हुआ, ओवरलोड।*

5☐ ***UP-12BT-1247 (18 टायरा)*** *— कोर्सेंट सामग्री से लदा हुआ, बिना आवश्यक कागजात ।*

*इन सभी वाहन के चालकों के पास **खनन सामग्री से संबंधित कोई वैध प्रपत्र प्रस्तुत नहीं किए गए**, जिस पर पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए वाहनों को **सीज कर थाना परिसर में खड़ा कराया।***

**☐ गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण :**

1. *उवैश पुत्र रब्बान निवासी ग्राम चोखड़ा थाना चरथावल, जनपद मुजफ्फरनगर*
2. *समून पुत्र इस्तखार निवासी ग्राम कुन्हैड़ी थाना चरथावल, जनपद मुजफ्फरनगर*
3. *सुहैल पुत्र जुबैर निवासी ग्राम कुटेसरा थाना चरथावल, जनपद मुजफ्फरनगर*
4. *उम्मेद पुत्र उमर मोहम्मद निवासी ग्राम कुन्हैड़ी थाना चरथावल, जनपद मुजफ्फरनगर*
5. *दरेशपाल पुत्र रोहताश सिंह निवासी ग्राम बामनहेड़ी थाना कोतवाली, जनपद मुजफ्फरनगर*
6. *फैजान पुत्र जमशेद निवासी ग्राम खोकनी थाना खतौली, जनपद मुजफ्फरनगर*
7. *शहनवाज पुत्र जिन्दा हसन निवासी ग्राम कबीरपुर थाना झिंझाना, जनपद शामली*
8. *फारूख पुत्र सिन्ना निवासी ग्राम कबीरपुर थाना झिंझाना, जनपद शामली*

**☐ घटना का क्रम :**

*वाहनों को कब्जे में लेकर उपरोक्त अभियुक्तगण **आपस में एक-दूसरे पर वाहन पकड़े जाने का आरोप लगाते हुए विवाद एवं मारपीट पर आमादा फसाद हो गए ।** पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए **दोनों पक्षों को बाईपास तिराहा क्षेत्र से समय लगभग 10:30 बजे गिरफ्तार किया** । गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध **धारा 170/126/135 बीएनएसएस** के अंतर्गत वैधानिक कार्यवाही की गई ।*

*गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर* ***माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।***

***□♂□ गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम :***

1. *थाना प्रभारी* ***श्री विनोद कुमार****, थाना चिलकाना, जनपद सहारनपुर*
2. *उपनिरीक्षक* ***श्री राजकुमार उज्जवल****, थाना चिलकाना, जनपद सहारनपुर*
3. *हेड कांस्टेबल* ***सचिन खोखर (1317)*** *थाना चिलकाना, जनपद सहारनपुर*
4. *कांस्टेबल* ***दीपक कुमार (1700)*** *थाना चिलकाना, जनपद सहारनपुर*
5. *कांस्टेबल* ***मनोज कुमार (634)*** *थाना चिलकाना, जनपद सहारनपुर*

***□ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर का संदेश :***

*"जनपद में अवैध खनन, अवैध परिवहन एवं पर्यावरण को नुकसान पहुँचाने वाले तत्वों के विरुद्ध* ***ज़ीरो टॉलरेंस नीति*** *अपनाई गई है।*

*इस प्रकार की गतिविधियों में लिप्त किसी भी व्यक्ति या गिरोह को बख्शा नहीं जाएगा।"*

**दिनांकः 25.10.2025**

-प्रेस नोट-

# *थाना गागलहेड़ी पुलिस की बड़ी कार्रवाई — मिट्टी का अवैध खनन करते हुए 03 ट्रैक्टर ट्राली व 01 जेसीबी मशीन को सीज किया गया*

***वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर*** *के कुशल निर्देशन में तथा* ***पुलिस अधीक्षक नगर*** *एवं* ***क्षेत्राधिकारी सदर*** *के निकट पर्यवेक्षण में जनपद सहारनपुर पुलिस द्वारा* ***अवैध खनन की रोकथाम*** *के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में* ***थाना गागलहेड़ी पुलिस टीम*** *ने एक बड़ी सफलता प्राप्त की है।*

☐ ***घटना का विवरण :***

*दिनांक* **25.10.2025** *को थाना गागलहेड़ी पुलिस टीम गश्त एवं संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम* ***भारापुर*** *क्षेत्र में कुछ* ***भू-माफिया तत्वों द्वारा मिट्टी का अवैध खनन*** *किया जा रहा है।*

*सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए* ***थानाध्यक्ष श्री प्रवेश कुमार*** *के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुँची । मौके पर पहुँचने पर पुलिस ने देखा कि कुछ व्यक्ति* ***मिट्टी का अवैध खनन कर ट्रैक्टर ट्रालियों में भर रहे थे****, जिन्हें पुलिस बल को देखकर* ***अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गए।***
*पुलिस ने मौके से* ***03 अदद ट्रैक्टर ट्राली (मिट्टी से भरी हुई)*** *एवं* ***01 अदद जेसीबी मशीन*** *को* ***कब्जे में लेकर सीज किया ।***
*सीज वाहनों को थाना परिसर में लाकर* ***अग्रिम वैधानिक कार्यवाही*** *की जा रही है।*

☐ ***बरामदगी का विवरण :***

***03 अदद ट्रैक्टर-ट्राली*** *— जिनमें अवैध रूप से खनन की गई मिट्टी भरी हुई थी।*
***01 अदद जेसीबी मशीन*** *— जिसका उपयोग मिट्टी की खुदाई में किया जा रहा था।*

☐♂☐ ***बरामदगी एवं कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम :***

1. ***थानाध्यक्ष श्री प्रवेश कुमार****, थाना गागलहेड़ी*
2. ***उपनिरीक्षक श्री सौरभ यादव****, थाना गागलहेड़ी*
3. ***हेड कांस्टेबल कपिल तेवतिया (790)*** *थाना गागलहेड़ी,*
4. ***हेड कांस्टेबल सोनू ढाका (831)*** *थाना गागलहेड़ी,*
5. ***हेड कांस्टेबल राहुल चौहान (810)*** *थाना गागलहेड़ी,*
6. ***हेड कांस्टेबल आशीष तोमर (342)*** *थाना गागलहेड़ी,*

☐ ***कानूनी कार्यवाही :***

*अवैध खनन एवं पर्यावरण को क्षति पहुँचाने के विरुद्ध* ***कठोर दंडात्मक कार्यवाही*** *की जा रही है। बरामद वाहनों के स्वामित्व व सम्बंधित व्यक्तियों की पहचान सुनिश्चित की जा रही है, ताकि दोषियों के विरुद्ध* ***खनिज (नियम एवं नियंत्रण) अधिनियम*** *एवं अन्य प्रासंगिक धाराओं में कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।*

☐ ***वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर का निर्देश :***

*"अवैध खनन जनहित, पर्यावरण एवं सरकारी राजस्व — तीनों के लिए हानिकारक है।*
*जनपद में किसी भी प्रकार का अवैध खनन या परिवहन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।*
*ऐसी गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध* ***कठोर कानूनी कार्यवाही*** *की जाएगी।"*

दिनांक- 25.10.2025

-प्रेस नोट-

**"ऑपरेशन सवेरा"**

**"नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर"**

# सहारनपुर पुलिस की बड़ी कार्यवाही

## थाना बेहट पुलिस की कार्यवाही में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले 01 शातिर नशा तस्कर/अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 207 ग्राम अवैध चरस बरामद

अवगत कराना है कि श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र, सहारनपुर द्वारा परिक्षेत्र सहारनपुर में मादक पदार्थों / नशे के अवैध कारोबार, प्रतिबंन्धित दवाओं की तस्करी, बिक्री पर प्रभावी रोकथाम के लिए ठोस एवं समन्वित कार्यवाही हेतु परिक्षेत्र सहारनपुर के तीनो जनपदो में ***"ऑपरेशन सवेरा" – "नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर"*** अभियान चलाया जा रहा है ।

इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी बेहट के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री सतपाल सिंह भाटी के कुशल नेतृत्व में दिनांक 24.10.2025 को मुखबिर की सूचना पर थाना बेहट पुलिस की कार्यवाही में गश्त व चैकिंग के दौरान 01 शातिर नशा तस्कर अभियुक्त ***दानिश पुत्र अकबर निवासी ग्राम पथरवा थाना बेहट जनपद सहारनपुर*** को नहर पटरी शाकुम्भरी रोड जंगल ग्राम अब्दुल्लापुर गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से 207 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना बेहट पर मु0अ0स0 497/25 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया । अभियुक्त उपरोक्त द्वारा मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के संबंध में FORWARD AND BACKWARD लिंको की जाँच की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अन्य आवश्क विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है ।

### गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

दानिश पुत्र अकबर निवासी ग्राम पथरवा थाना बेहट जिला सहारनपुर

### बरामदगी का विवरणः-

207 ग्राम अवैध चरस

### आपराधिक इतिहास

1. मु0अ0सं0- 56/24 धारा- 414/465 भादवि व 4/25 आर्म्स एक्ट थाना बेहट जनपद सहारनपुर
2. मु0अ0सं0- 67/23 धारा- 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना बेहट जनपद सहारनपुर
3. मु0अ0सं0- 196/22 धारा- 4/25 आर्म्स एक्ट थाना बेहट जनपद सहारनपुर
4. मु0अ0सं0- 437/23 धारा- 379/411 भादवि थाना बेहट जनपद सहारनपुर
5. मु0अ0सं0- 478/22 धारा- 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना बेहट जनपद सहारनपुर
6. मु0अ0सं0- 545/21 धारा- 398/401 भादवि थाना बेहट जनपद सहारनपुर

7. *मु0अ0सं0- 279/22 धारा- 380/411 भादवि थाना मिर्जापुर जनपद सहारनपुर*
8. *मु0अ0सं0- 394/25 धारा- 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बेहट जनपद सहारनपुर*

***गिरफ्तार करने वाली पुलिस पार्टी का विवरण-***

1. *उ0नि0 श्री करन नागर थाना बेहट जनपद सहारनपुर*
2. *है0का0 1058 राहुल राणा थाना बेहट जनपद सहारनपुर*
3. *है0का0 378 तरूण कुमार थाना बेहट जनपद सहारनपुर*
4. *का0 1759 सावन कुमार थाना बेहट जनपद सहारनपुर*

दिनांकः 25.10.2025

-प्रेस नोट-

# थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा वाहन चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद –

**घटाना का संक्षिप्त विवरणः**

दिनांक 19.10.2025 मनीष पुत्र अमरनाथ निवासी पेपर मिल रोड काशीराम कालोनी थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर ने उपस्थित थाना आकर तहरीर दी कि दिनांक 18.10.2025 को अज्ञात चोर द्वारा मेरी मोटर साईकिल UP-11-CV-6506 काशीराम कालोनी से चोरी कर ली गयी है। जिस सम्बन्ध मे तत्काल थाना हाजा पर मु0अ0सं0 524/2025 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना उ0नि0 श्री नरेन्द्र भडाना के सुपुर्द की गयी ।

**पुलिस कार्यवाहीः**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में वाहन चोरी/लूट/नकबजनी आदि आपराधिक घटनाओं की रोकथाम हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार संघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर एंव क्षेत्राधिकारी द्वितीय के निकट पर्यवेक्षण में तथा थाना प्रभारी कोतवाली देहात के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 25.10.2025 को मुखबिर की सूचना पर थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान मुकदमा उपरोक्त में वाहन चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 01 वांछित **अभियुक्त जीतू पुत्र बलजोर निवासी ग्राम रसुलपुर गुजरान थाना कांधला जनपद शामली** को शेखपुरा कदीम से आगे एलस्ट्रोम यार्ड के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 01 चोरी की गयी मोटरसाइकिल UP-11-CV-6506 बरामद हुई। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**अभियुक्त का नाम व पताः-**

जीतू पुत्र बलजोर निवासी ग्राम रसुलपुर गुजरान थाना कांधला जनपद शामली

**बरामदगी-**

01 मोटर साईकिल स्पलेण्डर प्लस UP-11-CV-6506

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. व0उ0नि0 श्री सुनील कुमार शर्मा थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर।
2. उ0नि0 श्री नरेन्द्र भडना थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर।
3. है0 का0 515 राहुल मय मय थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर।
4. का0 2326 हिम्मत सिहं थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर।
5. का0 1501 मोहित कुमार थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर।

-प्रेस नोट-

दिनांक:25.10.2025

# थाना गागलहेडी पुलिस द्वारा हत्या की घटना घटना का खुलासा करते हुए 03 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे/निशानदेही पर मृतक का मोबाइल फोन, 01 बैंक पासबुक, 01 अदद आधार कार्ड, 01 जूता व 01 आला कत्ल जैक लोहे का बरामद

**घटना का संक्षिप्त विवरणः**

*दिनांक 24.10.2025 को वादिया श्रीमति सोनम पत्नी राजकुमार निवासीगण ग्राम उग्राहू थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर मो0न0 7027242892 की एक लिखित तहरीर बाबत दिनांक 15.10.2025 को अपने पति राजकुमार पुत्र चमनलाल निवासी ग्राम उग्राहू थाना गागलहेडी जिला सहारनपुर के अपनी पिकअप गाडी UP11AT-9333 मे नर्सरी कस्बा कैलाशपुर से पेड भरकर पंजाब पटियाला जाना तथा रास्ते मे ही अभियुक्तगण सुऐब पुत्र शहजाद निवासी खाता खेडी थाना मण्डी जिला सहारनपुर व उसके साथी नाम पता अज्ञात के साथ मिलकर षडयन्त्र कर आवेदिका के पति राजकुमार उपरोक्त की हत्या कर देने के सम्बन्ध मे मु0अ0सं0 305/25 धारा 103(1)/351(2)/333/61(2) बीएनएस व 3(2)(v) एससी एसटी एक्ट पंजीकृत कराया गया।*

**पुलिस कार्यवाही का विवरणः**

*वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा तत्काल घटना का सज्ञान लेकर घटना में लिप्त अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु आदेश-निर्देश दिये गये थे। आदेश के क्रम मे पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष श्री प्रवेश कुमार के कुशल नेतृत्व में दिनांक 24.10.2025 को थाना गागलहेड़ी पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में त्वरित कार्यवाही करते हुए विवेचना से प्रकाश में आये* ***03 वांछित अभियुक्तगण 1. शोएव पुत्र शहजाद खाताखेड़ी थाना मण्डी जिला सहारनपुर, 2. शमीम पुत्र अनवर निवासी मवीखुर्द खेडा थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर व 3. दिलशाद उर्फ सोनू पुत्र बाबू निवासी मोहल्ला करीम बक्श कस्बा जलालाबाद थाना थानाभवन शामली*** *को हरौडा कट से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।*

***पूछताछ का विवरणः-***

*गिरफ्तार अभियुक्त शोएब ने पूछताछ पर बताया कि मैने, मृतक राजकुमार से कैन्टर गाडी खरीदी थी जिसके लगभग 45 हजार रुपये मुझ पर उधार थे, राजकुमार इन रुपयो की अदायकी के लिये मुझ पर दबाव बना रहा था। पैसो के लेन देन को लेकर मेरे और राजकुमार के बीच कुछ दिन पहले गाली गलौच हुई थी, मैने राजकुमार से कहा था कि ये गाडी मेरे नाम करा दे पैसे जब मेरे पास होगे मै दे दूँगा और यदि तुने गाडी मेरे नाम नही करायी तो मै तुझे मौके मिलने पर जान से मार दूँगा। इसके बाद भी राजकुमार मेरे ऊपर पैसा अदायकी के लिये कहता रहता था। इससे परेशान होकर मैने अपने साथी शमीम व दिलशाद के साथ मिलकर योजना बनाई कि राजकुमार को रास्ते से हटाना ठीक है। राजकुमार नर्सरी के पौधे लेकर अकसर पजांब , हरियाणा जाता रहता है। उसे विश्वास मे लेकर रास्ते से हटाना ठीक रहेगा। दिनाक 16.10.25 को भी मेरी, राजकुमार से फोन पर पैसो के लेनदेन के सम्बन्ध मे कहा सुनी हुई हो गयी थी और योजना के तहत हम तीनों ने मिलकर दिनाक 16/17.10.25 की रात्रि मे पटियाला से आ रहे राजकुमार की पिकअप गाडी को कलानौर हरियाणा मे रुकवाकर उसकी गाडी मे बैठकर सहारनपुर की तरफ चल दिये। सरसावा जाने वाले रास्ते पर बने सागर रत्ना रिसोर्ट के पास आये और गाडी रुकवाकर राजकुमार के साथ मारपीट की और मैने ने राजकुमार की गाडी मे रखे लोहे के जैक से राजकुमार के चेहरे व छाती व गर्दन पर वार किया। हमे लगा की वह मर गया है तो उसे मरा समझ कर सागर रत्ना रिसोर्ट के*

*पास सडक के किनारे फैंक दिया तथा उससे कुछ दूरी पर ही लोहे का जैक भी वही फेंक दिया था। उसके बाद हम तीनो गाडी पीकअप व मोबाईल व अन्य सामान को लेकर हम वहा से भाग गये थे तथा पिकअप गाडी को हमने वर्कशाप टीपी नगर मे खडा कर दिया था। बाद मे हमे पता चला कि राजकुमार उस समय नही मरा था बल्कि उसको ईलाज के लिये अस्पताल मे भर्ती किया था जहाँ उसकी मृत्यु हो गयी थी हमे शक था कि अब पुलिस कार्यवाही होगी और हम पकडे जा सकते है लिहाजा हम बचने के लिये उत्तराखण्ड जा रहे थे कि आपने हमे पकड लिया।*

***<u>गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पताः-</u>***

*1. शोएब पुत्र शहजाद खाताखेड़ी थाना मण्डी जिला सहारनपुर*

*2. शमीम पुत्र अनवर निवासी मवीखुर्द खेडा थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर*

*3. दिलशाद उर्फ सोनू पुत्र बाबू निवासी मोहल्ला करीम बक्श कस्बा जलालाबाद थाना थानाभवन शामली*

***<u>बरामदगी का विवरणः-</u>***

*01 मोबाइल फोन (मृतक का)*

*01 बैंक पासबुक (मृतक का)*

*01 अदद आधार कार्ड (मृतक का)*

*01 जूता (मृतक का)*

*01 आला कत्ल जैक लोहे का*

***<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-</u>***

1. *थानाध्यक्ष श्री प्रवेश कुमार थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर।*
2. *उ0नि0 शिव कुमार थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर।*
3. *उ0नि0 सौरभ यादव थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर।*
4. *है0का0 831 सोनू ढाका थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर।*
5. *है0का0 716 राकेश राणा थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर।*
6. *है0का0 790 कपिल तेवतिया थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर।*

दिनांक: 25.10.2025

**-प्रेस नोट-**

# *थाना नानौता पुलिस की प्रभावी कार्रवाई — हत्या के मुकदमें में वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार*

□♂□ ***पुलिस कार्यवाही का विवरण :***

*वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में,* ***पुलिस अधीक्षक ग्रामीण*** *एवं* ***क्षेत्राधिकारी गंगोह*** *के पर्यवेक्षण में तथा* ***प्रभारी निरीक्षक श्री नवीन कुमार सैनी*** *के कुशल नेतृत्व में थाना नानौता पुलिस द्वारा निरंतर वांछित/वारण्टी अपराधियों की तलाश की जा रही थी।*

*इसी क्रम में, आज दिनांक* ***25.10.2025*** *को पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त* ***सागर पुत्र राजेन्द्र निवासी ग्राम पाण्डुखेड़ी, निकट रेलवे स्टेशन नानौता, थाना नानौता, जनपद सहारनपुर*** *को उसके मसकन से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त* ***परिवाद संख्या 23/2022, धारा 302/34 भारतीय दंड संहिता (भा.दं.सं.)*** *से संबंधित मुकदमे में वारंटी था, जिसकी तलाश लंबे समय से की जा रही थी।*

□ ***गिरफ्तार वारंटी अभियुक्त का विवरण :***

***सागर पुत्र राजेन्द्र****, निवासी ग्राम पाण्डुखेड़ी निकट रेलवे स्टेशन नानौता थाना नानौता जनपद सहारनपुर*

*अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर* ***माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।***

□♂□ ***गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम :***

1. ***प्रभारी निरीक्षक श्री नवीन कुमार सैनी****, थाना नानौता*
2. ***उपनिरीक्षक श्री जसपाल सिंह****, थाना नानौता*
3. ***हेड कांस्टेबल 729 उपेन्द्र कुमार****, थाना नानौता*

दिनांक- 25.10.2025

-प्रेस नोट-

# ☐ सहारनपुर पुलिस की शराब की कशीदगी के विरूद्ध कडी कार्यवाही ☐

## थाना नकुड़ व आबकारी टीम की संयुक्त पुलिस कार्यवाही में कच्ची शराब कसीदगी पर करारा प्रहार — 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 28 लीटर कच्ची अवैध शराब, 620/- रुपये नकद व शराब बनाने के उपकरण बरामद

*अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन मे अवैध रूप से शराब की कसीदगी करने वाले व्यक्तियो के विरूद्ध अभियान चलाकर लगातार कड़ी कार्यवाही की जा रही है । इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी नकुड़ के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक श्री संतोष कुमार त्यागी के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 25.10.2025 को थाना नकुड़ व आबकारी टीम की संयुक्त पुलिस कार्यवाही मे चेकिंग व गश्त के दौरान कच्ची शराब की कसीदगी करते हुए **01 अभियुक्त सुभाष पुत्र प्रकाश निवासी कुराली थाना नकुड जिला सहारनपुर** को ग्राम कुराली के जंगल में टूयूबैल के पास बाजरे के खेत से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 620/- रुपये नकद, 28 लीटर कच्ची अवैध शराब व शराब बनाने के उपकरण (टीन के ड्रम, प्लास्टिक के बडे नीले व हरे ड्रम, बडा गैस सिलेन्डर, खाली प्लास्टिक कैन, लोहे की खोखली फट्टी आदि सामान) बरामद हुए। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध थाना नकुड़ पर मु0अ0सं0 467/25 धारा 60(2) आबकारी एक्ट के पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किये जा रहा है।*

***गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-***

*सुभाष पुत्र प्रकाश निवासी कुराली थाना नकुड जिला सहारनपुर*

***अभियुक्त सुभाष का आपराधिक इतिहास***

*मु0अ0सं0 0441/2021 धारा 60 आबकारी अधि0 थाना नकुड,स0पुर*

***बरामदगी का विवरण -***

- *28 लीटर कच्ची अवैध शराब*
- *620/- रूपये नकद*
- *शराब बनाने के उपकरण (टीन के ड्रम, प्लास्टिक के बडे नीले व हरे ड्रम, बडा गैस सिलेन्डर, खाली प्लास्टिक कैन, लोहे की खोखली फट्टी आदि सामान बरामद)*

***गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -***

1. *प्रभारी निरीक्षक श्री सन्तोष कुमार त्यागी थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर*
2. *उ0नि0 विकास चारण थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर*
3. *है0का0 650 वरणकार थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर*
4. *है0का0 464 प्रवेश थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर*
5. *का0 1806 योगेश कुमार थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर*
6. *प्रधान आबकारी सिपाही परमवीर सिंह आबकारी क्षेत्र*
7. *आबकारी सिपाही शशांक शर्मा आबकारी क्षेत्र*

दिनांक- 25.10.2025

-प्रेस नोट-

# □ सहारनपुर पुलिस की नशे के विरूद्ध कडी कार्यवाही □

## थाना नकुड़ पुलिस व आबकारी टीम *की संयुक्त कार्यवाही* — 01 *नशा तस्कर* अभियुक्त गिरफ्तार, *कब्जे से 12 बोतल* देशी शराब ताजा माल्टा हरियाणा मार्का *बरामद*

***पुलिस कार्यवाही का विवरण:***

*वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन मे नशीलें पदार्थों की तस्करी की रोकथाम व नशे के कारोबार मे शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी नकुड़ के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक श्री संतोष कुमार त्यागी के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 25.10.2025 को थाना नकुड़ पुलिस व आबकारी टीम की संयुक्त पुलिस कार्यवाही में चैकिंग के दौरान **01 नशा तस्कर अभियुक्त शहजाद पुत्र बदलू निवासी नई बस्ती कस्बा व थाना नकुड जनपद सहारनपुर** को ग्राम शुक्रताल के गेट से आगे ग्राम नसरूल्लागढ की तरफ से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से 12 बोतल देशी शराब ताजा माल्टा हरियाणा मार्का बरामद हुई । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना नकुड़ पर मु0अ0सं0 466/25 धारा 63 आबकारी एक्ट के पंजीकृत किया गया है । गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किये जा रहा है ।*

***गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-***

*शहजाद पुत्र बदलू निवासी नई बस्ती कस्बा व थाना नकुड जनपद सपुर0*

***बरामदगी का विवरण -***

*12 बोतल देशी शराब ताजा माल्टा हरियाणा मार्का*

***अभियुक्त शहजाद का आपराधिक इतिहास***

*मु0अ0सं0 253/2019 धारा 3/8 उ0प्र0 गोवध निवारण अधिनियम व धारा 11/03 पशु अतिचार अधिनियम थाना नकुड,स0पुर*

***गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -***

2. *प्रभारी निरीक्षक श्री सन्तोष कुमार त्यागी थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर*
2. *उ0नि0 श्री शिवम थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर*
3. *है0का0 482 बलराम पवांर थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर*
4. *प्रधान आबकारी सिपाही परमवीर सिंह आबकारी क्षेत्र*
5. *आबकारी सिपाही शशांक शर्मा आबकारी क्षेत्र*

दिनांक: 25-10-2025

-प्रेस नोट-

**सहारनपुर पुलिस की बड़ी कार्यवाही —**

**थाना नकुड़ पुलिस टीम द्वारा मात्र 48 घण्टे के भीतर मोबाइल छिनैनी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से छीना गया मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद**

**घटना का विवरण:** –

दिनांक 23.10.2025 को वादी की लिखित तहरीर बाबत अज्ञात मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियो द्वारा वादी के भाई कुवैश से उसका फोन छीनकर भाग जाने के सम्बन्ध मे थाना नकुड़ मु0अ0स0 460/25 धारा 304(2) बीएनएस थाना नकुड पर पंजीकृत किया गया था।

**पुलिस कार्यवाही:** –

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा उक्त छिनैती की घटना का शीघ्र अनवारण करने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी नकुड़ के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री संतोष कुमार त्यागी के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 25.10.2025 को थाना नकुड़ पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान मुकदमा उपरोक्तों में छिनैती की घटना का सफल अनावरण करते हुए **02 वांछित अभियुक्तगण 1. अंकित पुत्र राजेन्द्र निवासी ग्राम कल्लरहेडी थाना गंगोह जिला सहारनपुर व 2. विपिन पुत्र कटार सिंह निवासी ग्राम भोगीमाजरा थाना गंगोह जिला सहारनपुर** को नयागांव रोड पर केल्विन स्कूल से आगे गंगोह रोड से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण से छिना हुआ मोबाईल व घटना में प्रयुक्त मो0सा0 स्पलेन्डर प्लस बरामद की गयी। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 3(5),317(2) बीएनएस की वृद्धि की गयी। अभियुक्तगण के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहे हैं।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:-**

1. अंकित पुत्र राजेन्द्र निवासी ग्राम कल्लरहेडी थाना गंगोह जिला सहारनपुर
2. विपिन पुत्र कटार सिंह निवासी ग्राम भोगीमाजरा थाना गंगोह जिला सहारनपुर

**बरामदगी का विवरण:**

- 01 मोबाइल फोन (छीना गया)
- 01 मोटरसाइकिल स्पलेन्डर प्लस घटना में प्रयुक्त

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री संतोष कुमार त्यागी थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर,
2. उ0नि0 शिवम चौधरी थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर,
3. है0का0 1021 मतीन अहमद थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर,
4. है0का0 320 तरूण कुमार  थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर,
5. है0का0 1081 रूपेन्द्र सिंह थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर,
6. का0 1890 मोन्टी चौधरी थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर।

दिनांक- 25.10.2025

-प्रेस नोट-

# थाना फतेहपुर पुलिस द्वारा मारपीट के मुकदमें में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार

**घटना का संक्षिप्त विवरणः**

*दिनांक 25.10.2025 को वादी श्री चन्द्रपाल पुत्र सत्यानन्द निवासी ग्राम बुड्ढाखेड़ा कदीम थाना फतेहपुर जिला सहारनपुर की लिखित तहरीर बाबत वादी के अभियुक्त धन्नी उर्फ शुभम सिंह द्वारा वादी के लड़के के साथ घर में घुसकर जान से मारने की नियत से पाठल(दाव) से हमला करना व मारपीट कर गाली गलौच करने तथा जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में प्राप्त हुआ। दाखिला प्रार्थना पत्र के आधार पर मु मु0अ0सं0 186/25 धारा 333,118(1),115(2),109(1),117(2), 352,351(3) बीएनएस के पंजीकृत किया गया।*

**पुलिस कार्यवाही का विवरणः**

*वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा तत्काल घटना का संज्ञान लेकर अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु आदेश निर्देश दिये गये । आदेश के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण मे तथा थानाध्यक्ष श्री विनय शर्मा के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 25.10.2025 को मुखबिर की सूचना पर थाना फतेहपुर पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित 01* ***अभियुक्त धन्नी उर्फ शुभम सिंह पुत्र जसवीर निवासी ग्राम मुसैल थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर*** *को ग्राम गदरहेडी से मुसैल जाने वाले पक्के रास्ते पर पुराने शिव मंदिर के पास पुलिया के किनारे से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।*

***गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता –***

*धन्नी उर्फ शुभम सिंह पुत्र जसवीर निवासी ग्राम मुसैल थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर*

***गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–***

1. *थानाध्यक्ष श्री विनय शर्मा थाना फतेहपुर सहारनपुर*
2. *उ0नि0 विजय सिंह थाना फतेहपुर सहारनपुर*
3. *उ0नि0 सजल सिंह थाना फतेहपुर सहारनपुर*
4. *है0का0 1032 ललित कुमार थाना फतेहपुर सहारनपुर*
5. *है0का0 566 रवित खोखर थाना फतेहपुर सहारनपुर*

दिनांक –25.10.2025

**-प्रेस नोट-**

## थाना सरसावा, सहारनपुर पुलिस द्वारा हत्या के अभियोग मे वांछित 02 अभियुक्तगण गिरफ्तार, निशादेही से घटना मे प्रयुक्त आला कत्ल लोहे की राड व 01 मोटरसाईकिल बरामद

*अवगत कराना है कि दिनांक 21.10.2025 को वादी श्री राजवीर पुत्र स्व0 इन्द्रपाल सिंह निवासी ग्राम झबीरण थाना सरसावा जिला सहारनपुर की तहरीर बाबत अभियुक्त गण 1.सुमित बोध पुत्र शीशपाल 2-आदर्श पुत्र प्रदीप निवासीगण मौ0 राधा स्वामी कालोनी कस्बा व थाना सरसावा जिला सहारनपुर व अन्य अभियुक्तो द्वारा वादी के भांजे अमित को जान से मारने कि नियत से मारपीट कर गम्भीर रुप से घायल कर देने के सम्बन्ध मे मु0अ0स0 436/2025 धारा 191(2),191(3),109(1), 115(2),3(5) बीएनएस कराया था मुकदमा उपरोक्त मे घायल अमित की दौराने उपचार मृत्यु हो जाने के कारण मुकदमा उपरोक्त मे धारा 103(1) बीएनएस की वृद्धि की गई*

*दिनांक 22.10.2025 को थाना सरसावा पर वादी मुकदमा श्री राजेन्द्र सिंह पुत्र प्रीतम सिंह राधा स्वामी कालोनी सरसावा सहारनपुर की तहरीर पर बाबत अभियुक्त गण 1.आदर्श पुत्र प्रदीप निवासी राधास्वामी कालोनी कस्बा व थाना सरसावा जिला सहारनपुर व अन्य अभियुक्तो द्वारा कालोनी मे बुलट मो0सा0 से पटाखे छोडना व पटाखे छोडने से मना करने पर अभियुक्तगण द्वारा वादी व वादी के बेटे निखिल के साथ एक राय होकर, तेजदार हथियारो से सुसज्जित होकर मारपीट करना व जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध मे मु0अ0सं0 437/25 धारा 191(2)/191(3)/ /115(2),351(3)/3(5) बी0एन0एस0 पंजीकृत कराया था।*

*वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित कर आदेश-निर्देश दिये गये थे । आदेश के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी नकुड के निकट पर्यवेक्षण में थाना सरसावा प्रभारी निरीक्षक श्री संजीव कुमार द्वारा मय पुलिस टीम के दिनांक 25.10.2025 को मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त गण 01.आदर्श पुत्र प्रदीप निवासी मौ0 राधा स्वामी कालोनी कस्बा व थाना सरसावा जिला सहारनपुर तथा अमित की हत्या करने की साजिश रचने वाले 02- सुमित बोध पुत्र शीशपाल निवासी मौ0 राधा स्वामी कालोनी कस्बा व थाना सरसावा जिला सहारनपुर को गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त आदर्श उपरोक्त की निशादेही से मुकदमा उपरोक्त सम्बन्धित आला कत्ल एक लोहे की रोड व मुकदमा उपरोक्त की घटना मे शामिल मो0सा0 स्पलेण्डर प्लस रंग काला रजि0 नं0 UP11CW4214 बरामद की गई । अभियुक्त गण के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है ।*

### अभियुक्तगण से पूछताछ का विवरण

***अभि0 आदर्श से पूछताछ** की गयी तो बताया कि मै ओर मेरे दोस्त सभी ने मिलकर दिवाली वाली रात दिनांक 20/21 अक्टूबर की रात मे समय करीब 10.30 बजे अमित उर्फ काला पुत्र चन्द्रपाल निवासी राधा स्वामी कालोनी सरसावा से पुरानी रंजीश को लेकर सरिया, लोहे की राड आदि से जान से मारने की नियत से हमला किया था जिस हमले मे लगी चोटो से अमित उर्फ काला बेहोश होकर गिर गया था हमे लगा की अब यह मर गया है तब हम सभी अपने अपने हाथो मे लिए हथियारो को लेकर भाग गये थे आज आपने मुझे पकड लिया है मेरी गिरफ्तारी के दौरान जो मोटर साईकिल बरामद हुई है यह वही मोटर साईकिल है जिससे मे राजेन्द्र के घर के सामने पटाखे छुडा रहा था इसी बात को लेकर मेरे साथ राजेन्द्र व उसके बेटे का भी झगडा हो गया था उस झगडे मे मेरे साथ मेरा साथ मेरे पिता व मेरे साथी भी थे तथा हमने निखिल को भी घायल कर दिया था लोहे की रोड छिपा दी थी जो आज बरामद करा दी है इस घटना मे मेरे दोस्त का भाई सुमित बोध जो सहारनपुर कचहरी मे वकालत करता है उसने भी मरने वाले के खिलाफ पहले मुकदमे पंजीकृत करा रखा है इसी घटना से कई दिन पहले सुमित बोध वकील ने हम सब साथियो को इकट्ठा करके योजना के तहत बताया*

*था कि दिवाली के दिन अपने दुशमन अमित उर्फ काला को सबक सिखाना है उस दिन सभी जगह पटाखो का शौर रहेगा  हमारी घटना के बारे मे किसी को पता नही लगेगा ओर आप इसको जान से मार देना मै तुम्हे जेल नही जाने दूंगा, उसी की बातो मे आकर हम साथियो ने इस घटना को अन्जाम दे दिया।*

